
https://zeenews.india.com/hindi/india/up-uttarakhand/jhansi/photo-gallery-bundelkhand-industrial-corridor-bida-will-be-built-between-kanpur-jhansi-on-36000-acres/2544144/-2544146

# यूपी में यहां बनेगा नोएडा-ग्रेटर नोएडा से बड़ा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, 33 गांवों की लगी लॉटरी

**Bundelkhand Industrial Corridor:** सीएम योगी आदित्यनाथ सरकार बुंदेलखंड की तस्वीर बदलने में जुटी है. बुंदेलखंड औद्योगिक कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा जोकि नोएडा-ग्रेनो से भी बड़ा होगा.


Padma Shree Shubham | Updated:Dec 04, 2024, 09:13 PM IST

## बुंदेलखंड सोलर एनर्जी का हब




बुंदेलखंड सोलर एनर्जी का हब को लेकर बन ही रहा है इसके साथ ही यहां पर डिफेंस कॉरिडोर पर भी काम तेजी से किया जा रहा है. योगी सरकार अब इस ओर एक और बड़ा कदम उठाने को तैयार है.

## बीडा का निर्माण




नोएडा से बड़ा औद्योगिक कॉरिडोर बुंदेलखंड में सरकार बनाने जा रही है. कानपुर और झांसी के बीच 36 हजार एकड़ में औद्योगिक कॉरिडोर बीडा यानी बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण बनाने पर सरकार ध्यान केंद्रित कर रही है. झांसी के 33 गांवों को मिलाकर बीडा का निर्माण किया जाएगा.

## लिंक एक्सप्रेसवे




बीडा को जल्दी ही धरातल पर उतारने के लिए प्रयास तेज किए जा रहे हैं बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से जोड़ने के लिए इस लिंक एक्सप्रेसवे के जरिए जोड़ा जा रहा है.

## 13 अरब रुपये




इस योजना को धरातल पर उतारा जाए इसके लिए अपने दो दिवसीय चित्रकूट दौरे के दौरान योगी आदित्यनाथ ने 13 अरब रुपये की मंजूरी दी जिससे स्थानीय युवाओं व बाहरी युवाओं के लिए रोजगार के रास्ते खुलेंगे.

## बुंदेलखंड की तस्वीर




बुंदेलखंड की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी. लेकिन चित्रकूट जिले में भी युवाओं को रोजगार देने संबंधी बातें कई कई बार योगी आदित्यनाथ मंच से दोहराते रहे हैं. इस ओर अब कदम भी उठाए जा रहे हैं.

## पूर्वांचल के विकास की ओर




सीएम योगी के पद संभालने से लेकर अब तक पूर्वांचल के विकास की ओर लगातार काम किए जा रहे हैं. फिर चाहे गोरखपुर में एम्स का तेजी से निर्माण करवाना हो या लगभग दो दशक से बंद खाद कारखाना को फिर से चलवाने की बात हो योगी पूर्वांचल में विकास की बयार चली है.